# अशोक नगर



नवभारत
भोपाल, गुरुवार, 25 दिसंबर, 2025


# शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए स्कूलों का करें निरीक्षण

## शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह ने दिए शिक्षा अधिकारियों को निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में शैक्षणिक स्तर में सुधार हेतु स्कूलों का निरीक्षण कर सकारात्मक और बेहतर माहौल बनाएं। इसके लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को अध्यापन कराएं, जिससे उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके। अधिकारी शैक्षणिक स्तर में सुधार लाकर प्रशासनिक जिम्मेदारी को समझें और स्कूलों का सतत निरीक्षण करें। यह बात कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान कहीं।




वहीं बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि क्लास्टर लेबल मॉनीट्रिंग हेतु सभी बीआरसी स्कूलों का भ्रमण कर चेकलिस्ट अनुसार निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने 100 प्रतिशत निरीक्षण करने वाले बीआरसी को प्रशंसा पत्र दिये जाने की बात कही। साथ ही इस कार्य को पूर्ण नही करने वाले बीआरसी को चेतावनी देते हुए 100 प्रतिशत निरीक्षण पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी अपने दायित्वों का निर्वहन अच्छी तरह से करें। साथ ही स्कूलों मे वितरण होने वाले माध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएं। स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति शिक्षकों का स्कूलों में समय पर पहुंचने, भवनों की स्थिति, खेल मैदान के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय परिसर में अतिक्रमण के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। साथ ही निर्देशित किया कि भ्रमण के समय स्कूल भवनों के जर्जर होने की स्थिति का आंकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का कार्य हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी का कार्य होता है। इसे टीम भावना के साथ पूरा किया जाए। बैठक में परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जहां पर 10वीं एवं 12वीं का रिजल्ट कमजोर आया है, वहां पर विषयवार समीक्षा कर आवश्यक कदम उठायें जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्कूलों के किचिंन शेड में आवश्यक बर्तन तथा गैस सिलेण्डर की व्यवस्था सुनिश्चित हों तथा मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाले स्व सहायता समूहों का भुगतान समय पर किया जाएं। शिक्षकों की ई-अटेण्डेंस के संबंध में निर्देशित किया कि शासन के निर्देशानुसार ई-अटेण्डेंस समय पर लगाई जाएं। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, जिला शिक्षा अधिकारी सीएस सिसोदिया, डीपीसी राहुल शर्मा सहित बीईओ, एपीसी, बीआरसी, संकुल प्राचार्य उपस्थित रहे।

# पार्षद राशिद खान पर FIR

**मृतक के परिजनों को धमकाने का मामला**

**पार्षद भाई के साथ उसके ड्राइवर ने दी थी धमकी**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में सटोरिया किंग कहे जाने वाले आजाद खान के परिवार की मुश्किल बड़ती जा रहीं है। जहां विगत दिनों आजाद की मां के नाम से दर्ज फार्म हाउस पर अतिक्रमण के चलते बुलडोजर चलाया गया था, तो वहीं अब उसके पार्षद भाई और उसके ड्राईवर पर आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में एफआईआर वापस लेने के लिए दबाब बनाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक यह एफआईआर मृतकों के परिजनों के डराने-धमकाने और जान से मारने के मामले में की गई है।

उल्लेखनीय है कि विगत माह पूर्व दो सोनी बंधुओं नंदकिशोर सोनी एवं रामेश्वर सोनी ने रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने आकर जान दे दी थी। वहीं जान देने से पूर्व उन्होंने साक्ष्य भी छोड़ थे, जिसके चलते इस मामले में पुलिस ने गहनता से दस्तीक की और इसके बाद सटोरिया आजाद खान के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई और उसके बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इसी मामले को लेकर पार्षद राशिद खान चिन्ना और उसका ड्राईवर मृतकों के परिजनों के पास पहुंचे और उन्हें डराने-धमकाने सहित जान से मारने की धमकी देते हुए एफआईआर वापस लेने की बात कहीं गई। इसके बाद परिजनों द्वारा पूरे मामले से पुलिस को अवगत कराया गया। जिसके बाद पुलिस ने गहनता से जांच की और इस मामले में सटोरिया आजाद खान के पार्षद भाई राशिद खान चिन्ना और उसके ड्राइवर शानू खान के खिलाफ विगत रात्रि में एफआईआर दर्ज की गई है।




# लांयस हेल्पिंग हैंड की बैठक संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** लायंस हेल्पिंग हैंड की मासिक बैठक लायन सुनीता जैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संयोजक मिथलेश यादव सहित सभी सदस्यों के अपने-अपने सुझाव दिए और आने वाले सप्ताह एवं महीने में किए जाने वाले सेवा कार्यों की रूप रेखा तैयार की। बैठक में प्रांत द्वारा प्रेषित कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई एवं सदस्यों द्वारा सुझाव भी दिए गए। साथ ही संयोजकों ने स्वेच्छा से कार्यक्रमों में योगदान के लिए नाम भी लिखवाए।

## एक नजर में

### सचिव पर छेड़छाड़ का आरोप, मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी जनपद की ग्राम पंचायत प्राणपुर के सचिव के खिलाफ छेड़छाड़ का का मामला दर्ज हुआ है। तो वहीं इस छेड़छाड़ से लोधी समाज में काफी रोष है, जिसके चलते वह थाने भी पहुंचा और सख्त कार्रवाई की मांग रखी। युवती द्वारा की गई शिकायत में बताया गया कि वह ग्राम मुरादपुर की रहने वाली है जब वह मंगलवार दोपहर अपनी सुकन्या योजना की किताब लेनें पोस्ट ऑफिस प्राणपुर गई तो वहां पर खड़े पंचायत के सचिव राम नारायण बाजपेई ने उन्हें किताब देने के बहाने अंदर बुलाया और उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। इस घटना की जानकारी जहां उसने पहले डायल 112 को दी, तो वहीं अपने परिजनों को बताई, इसके बाद बुधवार को सचिव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं इस मामले में लोधी समाज में भी रोष है, जैसे ही सचिव द्वारा छेड़छाड़ का मामला सामने आया, तो समाज के लोग थाने पहुंचे और आरोपी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

### सुशासन की शपथ ली

**शाढ़ौरा।** सुशासन दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कर्मचारियों ने सुशासन की शपथ ली। बीएमओ डा. जयकृतसिंह राजपूत द्वारा सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। यह कार्यक्रम कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया। शपथ के माध्यम से पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसेवा के प्रति निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया गया।

### विशेष ग्राम सभा का आयोजन आज

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिले के समस्त सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में वीबी-जी-राम जी अधिनियम 2025 संबंधी विशेष ग्राम सभा का आयोजन कराया जाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में वीबी-जी-राम जी अधिनियम 2025 के महत्वपूर्ण प्रावधानों एवं प्रदत्त कानूनी अधिकारों के संबंध में व्यापक जागरूकता लाने के उद्देश्यो से प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन 26 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा।

### शस्त्र लायसेंस निलंबित

**अशोकनगर।** पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 हेतु निर्वाचन कार्यक्रम समय-अनुसूची जारी किया गया है। जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत चंदेरी ग्राम पंचायत बांकलपुर के रिक्त सरपंच पद का मतदान 29 दिसंबर को सम्पन्न कराया जाना है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आदित्य सिंह द्वारा शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा-17 3 में निहित शक्तियों का उपयोग करते हुए जनपद पंचायत चंदेरी ग्राम पंचायत बांकलपुर की राजस्व सीमाओ के अंतर्गत शस्त्र लाईसेंस निरस्त किये है।

# मंडी के अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त, एक्शन मोड में डीएस

## औचक निरीक्षण में खुली अव्यवस्थाओं की पोल, किसानों के शेड पर अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** कृषि उपज मंडी परिसर में वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, ग्वालियर के डीएस दया किशन शर्मा औचक निरीक्षण के लिए मंडी पहुंचे, जहां अवैध कब्जों और नियमों की खुलेआम अनदेखी सामने आई। इसके बाद डीएस शर्मा एक्शन मोड में नजर आए और मंडी प्रशासन, एसडीएम व स्थानीय अधिकारियों के साथ मौके पर ही कार्रवाई शुरू करवाई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि किसानों की सुविधा के लिए बनाए गए शेडों पर व्यापारियों द्वारा अनाज की बोरियां रखकर, तिरपाल



ढककर और टीन लगाकर अवैध कब्जा किया गया था जिससे किसानों को भारी असुविधा हो रही थी। डीएस दया किशन शर्मा ने मौके पर सख्ती दिखाते हुए स्वयं तिरपाल हटाई और अधिकारियों को तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। डीएस शर्मा ने व्यापारियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि मंडी की शासकीय जमीन पर किसी भी प्रकार का निजी कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि आदेशों की अवहेलना की गई और अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो संबंधित व्यापारियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने बताया कि व्यापारियों द्वारा टीन सेट लगाकर मंडी की जमीन पर अवैध कब्जे की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इस संबंध में पहले भी दो-तीन बार व्यापारियों के साथ बैठक कर उन्हें चेतावनी दी गई थी और स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने के लिए समय भी दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्देश दिए कि जिन व्यापारियों को 26 प्लॉट आवंटित हैं, वे नियमानुसार अनुबंध कर वहीं कार्य करें। वहीं पुरानी मंडी में जिन व्यापारियों के गोदाम हैं, वे वहीं भंडारण करें और नई मंडी में केवल नीलामी कार्य करें। डीएस दया किशन शर्मा ने यह भी साफ किया कि मंडी कर्मचारियों की किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह पूरी कार्रवाई मध्य प्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य मंडी के सुचारू संचालन के साथ-साथ किसानों के हितों की रक्षा करना और उन्हें बेहतर व व्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध कराना है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मंडी को अतिक्रमण-मुक्त करने का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### निरीक्षण के लिए अधिकारी नियुक्त

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार जिला चिकित्सालय एवं जिले के अन्य शासकीय चिकित्सालयों का नियमित निरीक्षण एवं बैठके आयोजित जाने हेतु अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। जारी आदेशानुसार अपर कलेक्टर को जिला चिकित्सालय अशोकनगर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अशोकनगर अनुभाग अंतर्गत सामुदायिक, उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, एसडीएम मुंगावली सामुदायिक, उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चंदेरी सामुदायिक,उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, एसडीएम (राजस्व) ईसागढ अनुभाग अंतर्गत सामुदायिक, उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का प्रतिमाह नियमित रूप निरीक्षण एवं बैठके कर प्रतिवेदन प्रस्तुरत करना सुनिश्चित करेगें।

# ठिठुरती ठंड में पुलिसकर्मी बांट रहे कपड़े

**पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे पुलिस बल बांट रहा है जरुरतमंदों को गर्म कपड़े**

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली। कड़कड़ाती ठंड के बीच पुलिस का मानवीय चेहरा सामने आया है, रात को गरीबों के बीच पहुंचकर बच्चों को स्वेटर, टोपा पहना रहे तो वही महिलाओं पुरुषों को कम्बल बांटे जा रहे हैं।**

पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा के द्वारा लोक कल्याण एवं मानवीय संवेदनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिले में एक अभिनव एवं सराहनीय पहल की गई है। सामुदायिक पुलिसिंग की अवधारणा को धरातल पर साकार करते हुए जिले में जरूरतमंदों को



ठंड से बचाव हेतु आवश्यक मानवीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे शीतलहर के प्रकोप से उन्हें सुरक्षित रखा जा सके।

**जरूरतमंदों को बांटे जा रहे हैं गर्म कपड़े:**

थाना प्रभारी अरविंद कछुवाह ने बताया कि द्वारा रात के समय जरूरमंद गरीबों के बीच पहुंचकर परिवारों को कम्बल वितरित किये जा रहें हैं। साथ ही बच्चो को अपने हाथ से स्वटर पहनाए जा रहें हैं। रात को पुलिस को अपने बीच व घरों में देखकर गरीब डरता था, लेकिन अब पुलिस को रात को अपने बीच पाकर न केवल गरीब सर्दी के सितम से बचता नजर आ रहा है,बल्कि पुलिस के इस मानवीय चेहरा की सराहना करते हुए पुलिस को धन्यवाद देते भी नजर आ रहें हैं।

# मनरेगा का नाम बदलने पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित हुआ धरना**

**कांग्रेस पदाधिकारियों ने किया संबोधित**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदले जाने के फैसले के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को स्थानीय गांधी पार्क में धरना देते हुए प्रदर्शन किया गया।



प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि गरीब, मजदूर और ग्रामीण भारत के काम के अधिकार की गारंटी है। इसका नाम बदलना महात्मा गांधी के विचारों और उनके नाम से जुड़ी जनकल्याणकारी भावना का अपमान है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार लगातार गरीबों की रोज़ी-रोटी पर प्रहार कर रही है। मनरेगा का नाम बदलकर और इसके स्वरूप में बदलाव कर रोजगार के अधिकार को कमजोर किया जा रहा है। साथ ही योजना के बजट निर्धारण की जिम्मेदारी राज्य सरकारों पर डालकर केंद्र सरकार अपनी जवाबदेही से बचना चाहती है। वहीं कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि वह मनरेगा और गरीबों के अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी तथा इस फैसले के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह, विधायक इंजी. हरिबाबू राय सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वार्ड 07 को सौगातः 20 लाख की लागत से बनेगी सीसी सड़क और नाली, नपाध्यक्ष ने किया भूमिभूजन

**नवभारत अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को वार्ड क्रमांक 07 के निवासियों को एक महत्वपूर्ण सौगात मिली जब 20 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। यह निर्माण कार्य गिर्राज यादव के मकान के सामने से नगर पालिका के बोर्ड तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण किया जाएगा, जिसके तहत सीसी (कंक्रीट) सड़क और नाली निर्माण का कार्य शामिल है। इस परियोजना से क्षेत्र में बेहतर आवागमन और जल निकासी की सुविधा मिलेगी, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने वार्ड पार्षद कृष्णा संजीव जाटव एवं समस्त पार्षदो के साथ संपन्न किया। इस अवसर पर पार्षद पति गोपाल ओझा ,मनीष धुरेंटे, नगर पालिका से उपयंत्री भानु कुशवाहा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

# सीमांकन करने गए पटवारियों पर हमला

**नवभारत अशोकनगर।** बुधवार को बहादुरपुर तहसील क्षेत्र के महोली गांव में एक विवादित सीमांकन होना था। इसके लिए गए पांच पटवारियों के दल पर तीन लोगों ने लाठी डंडों से हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले से पटवारियों ने खेतों में दौड़कर अपनी जान बचाई। इस घटना की शिकायत मुंगावली थाने में की गई है, जहां पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। बताया गया है कि महोली गांव में एक सीमांकन के लिए तहसीलदार बहादुरपुर द्वारा हल्का पटवारी सुजीत छारी के साथ लोकेंद्र शर्मा, होशियार सिंह, अंकुर गुप्ता एवं सौरभ गुप्ता आदि पटवारियों का पांच सदस्यीय दल भेजा था एवं मुंगावली थाना पुलिस से पुलिस बल की मांग की गई थी। बुधवार को पुलिस बल उपलब्ध न होने के कारण महोली गया हुआ सीमांकन दल जब वापिस होने लगा तो आरोपी सीताराम पुत्र केहरी सिंह दांगी, धर्मेंद्र पुत्र सीताराम दांगी एवं अर्जुन पुत्र कोमल सिंह दांगी सभी निवासी ग्राम जगथर थाना दीपना खेड़ा जिला विदिशा द्वारा पीछे से आकर लाठियों से हमला कर दिया। सभी पटवारी अपनी अपनी जान बचाकर खेतों में भागे। इसके बाद मुंगावली थाने आकर आरोपियों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई। गौरतलब है कि करीब एक माह पूर्व ही मुंगावली थाना क्षेत्र के टीला गांव में भी एक पटवारी पर हमला कर मारपीट की गई थी, जिसमें पटवारी का हाथ फ्रैक्चर हो गया था। एक माह के अंदर क्षेत्र में पटवारियों पर हमले की यह दूसरी घटना है।

**कार्यक्रम**

## मुख्य अतिथियों ने किया अटल जी को याद

# अटल जयंती पर्व पर हुआ अटल स्मृति विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी का 25 दिसंबर को जन्मदिन है इस उपलक्ष में प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्र में अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, सम्मेलन की शुरुआत 24 दिसंबर से 31 दिसंबर को समापन होगा। इसके साथ ही अटल जी के जीवन दर्शन और योगदान पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। जिसके लिए बुधवार को मुंगावली विधानसभा के कार्यकर्ताओं का अटल स्मृति पर



सम्मेलन एक निजी गार्डन में आयोजित किया गया। जिसमे पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा पार्टी पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद अटल स्मृति पर्व की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी एवं जिले से आए मुख्य अतिथि अमित रघुवंशी एवं अनिल रघुवंशी के द्वारा की गई।

इस दौरान अटल स्मृति पर्व के बारे मे जानकारी दी गई, तो बही इस कार्यक्रम में विधायक बृजेंद्र सिंह यादव एवं जिले के उपाध्यक्ष, महामंत्री शामिल रहे। इस सम्मेलन में दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष रूपेश जैन एवं उपाध्यक्ष अभिषेक सिंघई का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधायक बृजेंद्र सिंह यादव के द्वारा बताया कि क्षेत्र में अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, इन सम्मेलन में अटल जी की स्मृति में कविता पाठ सुशासन से जुड़े हुए कार्यक्रम और विचार गोष्ठियां आयोजित की जाएगी। तो वही अटल जी के द्वारा चलाई गई योजनाओं को भी कार्यकर्ताओं को बताई गई कि किस तरह अटल जी द्वारा देश को विकास की दौड़ में आगे बढ़ाने के लिए योजना का लाभ आम जनता तक पहुंचे और मिले इसके लिए धरातल पर पार्टी ने कार्य किया है।



# शिविर में 30 महिलाओं के हुए ऑपरेशन

**नवभारत शाढ़ौरा।** राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शाढ़ौरा में बुधवार को पांचवें महिला नसबंदी शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी के मार्गदर्शन तथा जिला परिवार कल्याण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रजनी छारी के निर्देशन में बीएमओ डॉ. जयकृत राजपूत के नेतृत्व में किया गया। शिविर में सर्जन डॉ. डीके भार्गव द्वारा 30 महिलाओं की नसबंदी सर्जरी सफलता पूर्वक की गई। इसके साथ ही अब तक कुल 111 महिला नसबंदी ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं। सर्जरी पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. रश्मि छारी द्वारा किया गया। वहीं ओटी इंचार्ज ज्योति राजावत, लैब टेक्नीशियन अवधेश नायक एवं ऑपरेशन थिएटर टीम का योगदान सराहनीय रहा।